**खबर संक्षेप**

### घरेलू एलपीजी गैस के उपयोग एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित

**मण्डला।** मंडला में घरेलू एलपीजी गैस के उपयोग एवं नियमानुसार वितरण व्यवस्था की समीक्षा के लिए शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंडला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैस की उपलब्धता, समय पर वितरण तथा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि बुकिंग कराने वाले पात्र उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर की समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। साथ ही उपभोक्ताओं को घर बैठे गैस बुकिंग की सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित करने तथा इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में होटल, रेस्टोरेंट एवं केटरिंग संचालकों को घरेलू गैस के स्थान पर कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही डीजल भट्टी, इलेक्ट्रिक इंडक्शन एवं सोलर जैसे वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की भी बात कही गई। इस अवसर पर अनुभाग मंडला के सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि, जिले के केटर्स, तहसीलदार मंडला तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मंडला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**जिले में जर्जर स्कूल भवनों के स्थान पर बनेंगे नए भवन, कई शालाओं को मिली स्वीकृति**

# जनपद सदस्य के धरने का असर

*** फिर भी कई स्कूल भवन जर्जर, सर्वे कर वैकल्पिक व्यवस्था की उठी मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*मोहगांव के जनपद सदस्य बोध सिंह मरकाम पिछले 23 दिनों से मोहगांव चौक पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। उनका यह आंदोलन जर्जर स्कूल भवन, शिक्षकों की भारी कमी एवं क्षेत्र से जुड़े अन्य जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर है। शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर एक जनप्रतिनिधि को लंबे समय से धरने पर बैठना पड़ रहा है। जो प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। दुर्भाग्य की बात है कि इतने दिनों बाद जिला प्रशासन द्वारा उनकी मांग को गंभीरता से लेने का प्रयास किया गया।*






जिले की शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में जर्जर हो चुके भवनों के स्थान पर अब नए स्कूल भवनों का निर्माण कराया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के कई विद्यालयों के लिए नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इससे इन विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

विभागीय सूत्रों के अनुसार मोहगांव विकासखंड के प्राथमिक शाला पडादर, जीपीएस (ईजीएस) चिरवई टोला, माध्यमिक शाला बड़झर तथा घुघरी विकासखंड के प्राथमिक शाला भानपुर, सिंघनपुरी, घुरघुटी, जीपीएस टिकराटोला पद्दीकोना, बैगाटोला बरवानी और चौबाटोला में नए स्कूल भवन बनाए जाएंगे। इसी तरह मण्डला विकासखंड के तलैया टोला देवगांव, जूना मण्डला, पोंडी (महाराजपुर) तथा बीजाडांडी विकासखंड के जीएमएस पापरीकला और प्राथमिक शाला गुमटी में भी नए भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

बताया गया है कि इन विद्यालयों के भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में थे, जिसके कारण बच्चों को सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई करने में काफी परेशानी हो रही थी। कई स्थानों पर बच्चों को तिरपाल, रंगमंच या खुले मैदान में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही थी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही थी।

जिले में जर्जर स्कूल भवनों की समस्या को लेकर मीडिया में लगातार मुद्दा उठाया जा रहा था। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा भी लंबे समय से नए भवनों की मांग की जा रही थी। इसी बीच जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) कुलदीप कठल द्वारा प्रभार संभालने के बाद कलेक्टर के निर्देशन में प्रयास करते हुए शासन से इन विद्यालयों के लिए नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त की गई।

नए भवनों की स्वीकृति मिलने से विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने खुशी जताते हुए कलेक्टर को धन्यवाद दिया है और डीपीसी के प्रयासों की सराहना की है।

हालांकि जिले में अभी भी कई स्कूल ऐसे हैं जिनके भवन जर्जर अवस्था में हैं और वहां बच्चों को कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई करनी पड़ रही है। इस संबंध में जिले के लोगों ने कलेक्टर से मांग की है कि सभी जर्जर स्कूल भवनों का सर्वे कर उन्हें चिन्हित किया जाए तथा जब तक नए भवनों की स्वीकृति नहीं मिलती, तब तक बच्चों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित और बेहतर शिक्षा का माहौल मिल सके।

इस संबंध में जिला शिक्षा केन्द्र के एसडीओ ने बताया कि जिले के सभी जर्जर स्कूल भवनों की सूची भोपाल भेजी जा चुकी है। जैसे ही वहां से नए भवन निर्माण या मरम्मत की स्वीकृति मिलेगी, उसी के अनुसार कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

***इनका कहना है -***

*जिले में जर्जर स्थिति वाले कई स्कूल भवनों की मरम्मत एवं नए भवनों की स्वीकृति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आगामी सत्र में बारिश से पहले ऐसे स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक सुरक्षित स्थानों पर स्कूल संचालन की व्यवस्था की जाएगी।*

*-कुलदीप कठल, डीपीसी, मण्डला*

## बेलगाम रेत के डंपर से मासूम की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश



*** ज्यादा माल कमाने के चक्कर में डंपर को तेज गति तेज से भगाते।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सागर के पोषक ग्राम बमोरी में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विष्णु यादव की तीन वर्षीय पुत्री आकृति यादव सड़क के पास थी, तभी तेज रफ्तार से आ रही हाईवा वाहन क्रमांक एमपी 51 जेड्सी 6799 ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मासूम आकृति की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाईवा बहुत तेज गति में था, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना स्थल के पास ही आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होता है, जिससे क्षेत्र में बच्चों की आवाजाही बनी रहती है।



हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया और सुरक्षा की दृष्टि से अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) बनाए जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद भाग रहे हाईवा वाहन को ग्रामीणों ने तिंदनी टोल प्लाजा के पास पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आंगनबाड़ी और आबादी क्षेत्र के पास अवरोधक बनाए जाएं तथा भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया गया महिलाओं का सम्मान



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत जनपद सभा कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें आसपास के स्कूल के शिक्षक एवं जन शिक्षक महिला शिक्षक को बुलाया गया है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में महिला द्वारा समाज में जो उत्कृष्ट कार्य होता है महिलाएं द्वारा लगातार परिश्रम कर एक नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही हैं महिलाएं द्वारा नए-नए कीर्तिमान रच रही हैं यह कार्यक्रम महिलाओं के सम्मान के लिए किया गया है जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला शिक्षिका, श्रीमती शंकरिया उईके, सुश्री शालिनी ठाकुर, सुश्री हर्षिता नेमा, श्रीमती सुषमा मरावी, श्रीमती सारिका पटेल, श्रीमती आराधना सोनी, श्रीमती राजश्री सरवटे, श्रीमती पूनम सोनी उक्त महिला शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन पालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज श्रीमति श्रद्धा सोनी,मुख्य अतिथि शिक्षा स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री अविनाश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्री भूपेंद्र वरकड़े की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें बी आर सी सी कमलेश भवेदी, आर के गुप्ता मंडल संयोजक, बीएसी, राजीव वर्मा, चरन लाल झारिया, नवनीता दुबे, शिक्षण स्टाफ से उमेश यादव, कमलेश मरावी,प्रेम शंकर दुबे, सुभाष साहू, लवीना मार्को, रश्मि अग्रवाल प्राचार्य हितकारिणी विद्यालय,विनय सोनी, मंगरु गौठरिया, रानू बेन, कुसुम लाल उईके आदि शिक्षक सम्मिलित रहे।

### माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा प्रखंड मोहगांव की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा, मंडला अंतर्गत प्रखंड मोहगांव की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। नई कार्यकारिणी के गठन पर समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने सभी नव-मनोनित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। आशा व्यक्त की गई है कि सभी पदाधिकारी आपसी सहयोग, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करेंगे।

घोषित कार्यकारिणी के अनुसार संरक्षक पद पर समस्त सम्माननीय वरिष्ठ विप्रजन रहेंगे। अध्यक्ष के रूप में देवेश दुबे को दायित्व सौंपा गया है। उपाध्यक्ष पद पर अनिल दुबे (मोहगांव) एवं गिरीश मिश्रा को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में ब्रजेश शुक्ला तथा सचिव के रूप में नितेश दुबे को जिम्मेदारी दी गई है। सह सचिव पद पर अनिल दुबे (सिंगारपुर) को मनोनीत किया गया है।

युवा शक्ति अध्यक्ष के रूप में जयदीप दुबे, कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में पंकज दुबे तथा मीडिया प्रमुख के रूप में विवेक दुबे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ओमप्रकाश दुबे, प्रदीप दुबे एवं अवधेश दुबे को शामिल किया गया है। माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा परिवार, प्रखंड मोहगांव ने नवगठित कार्यकारिणी को पुनः हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की है।

## मोटा अनाज अपनाकर सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगे ग्रामीण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में पारंपरिक मोटे अनाज यानी 'मिलेट्स' को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और नजर कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण सोसायटी द्वारा संचालित विशेष अभियान का समापन हुआ। 20 फरवरी से 10 मार्च तक चले इस अभियान के तहत विशेषज्ञों ने रामनगर, खिरहनी, अमरपुर और धनुआ सागर जैसे क्षेत्रों में किसानों को मिलेट्स की वैज्ञानिक खेती और प्रसंस्करण के लाभ बताए।

### सेहत के लिए 'सुपरफूड' है मिलेट्स

अभियान के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार और बाजरा का सेवन न केवल शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, बल्कि शुगर, बीपी और मोटापे जैसी गंभीर बीमारियों से लड़ने में भी मददगार है। इसमें मौजूद भरपूर आयरन और कैल्शियम कुपोषण को जड़ से मिटाने की क्षमता रखते हैं।

### स्वरोजगार और आर्थिक सुदृढ़ीकरण

वैज्ञानिक डॉ. शेखर सिंह ने कहा कि मिलेट्स उत्पादों जैसे- कुकीज, पौष्टिक सफेद खीर, मोमोज, लड्डू और पास्ता की बढ़ती मांग को देखते हुए ग्रामीण युवा और महिला स्वयं सहायता समूह स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। किसान अपने ही गांव में छोटी प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर व्यावसायिक लाभ ले सकते हैं।

### पलायन पर लगेगी रोक

वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े साइंस कम्युनिकेटर डॉ. दीपक राय ने जोर देकर कहा कि यदि हम खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक प्रसंस्करण की बारीकियों को अपनाएं, तो ग्रामीण नागरिक सामाजिक और आर्थिक रूप से सुदृढ़ होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि गांवों में ही रोजगार उपलब्ध होने से पलायन की समस्या पर प्रभावी रोक लगेगी। अशोक मिश्र और अजय झारिया ने उन्नत बीजों के चयन और बाजार से सीधे जुड़ाव पर किसानों का मार्गदर्शन किया। इस पहल से क्षेत्र के किसानों में नई उम्मीद जगी है।

**आयोजन** | **मानादेही सेक्टर का ग्राम पंचायत भवन मानादेही में हुआ आयोजन।**

# नवांकुर योजना अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

*** जल संचय नशा मुक्ति पर रहा फोकस।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





म.प्र. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार नवांकुर योजना अंतर्गत सेक्टर स्तरीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखी योजनाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मानादेही सेक्टर के ग्राम पंचायत भवन मानादेही में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था सृजन विकास समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित अन्य सदस्य तथा नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत पंजीकृत नवांकुर सखी मौजूद थी।

मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेन्द्र चौधरी ने परिषद की संरचना, विभिन्न आयामों एवं समग्र ग्राम विकास की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी। विकासखंड समन्वयक संतोष झारिया ने समितियों के पंजीयन, नियम-निर्देश, नशा मुक्ति अभियान, जल संचय तथा जनभागीदारी आधारित जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना के संबंध में भी प्रशिक्षण प्रदान किया। ग्राम पंचायत मानादेही की सरपंच श्रीमती जय श्री उइके पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। परामर्शदाता श्री लालाराम चक्रवर्ती ने समग्र ग्राम विकास की अवधारणा विषय पर सत्र लिया। प्रशिक्षण की व्यवस्था नवांकुर के समंवयक जितेन्द्र लारेश्वर ने किया। में प्रस्फुटन समिति मानादेही - दीपक यादव, राजेश उइके - मछरिया, वीरसिंह - सेमीकोल, प्रमोद यादव - घाघा, सृजन विकास समिति से श्रीमती कुसुमलता लारेश्वर, श्रीमती अनीता सोनगोत्रा एवं अन्य समितियों से सदस्य लोग शामिल हुये।

कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण सहभागिता का प्रमाण पत्र वितरण किया एवं मढईजर समिति अध्यक्ष सुकरत पंद्रो ने आभार प्रदर्शन किया।

## रेल्वे संघर्ष समिति से मुलाकात करेंगे मंडला सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राष्ट्रीय रेल्वे संघर्ष समिति की आज दिनांक 13 मार्च को स्थानीय चिलमन चौक में बैठक हुई जिसमें रेल्वे संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा मंडला फोर्ट में रेल्वे संचालन विषय में चर्चा हुई। मंडला फोर्ट से सिर्फ कुछ मांगे जिसमें मंडला जिले के सांसद विधायक साथ दे दे तो जिले का विकास जल्द हो जाए क्योंकि मंडला जिले के अलावा सभी जिले मध्यप्रदेश के साथ ही छत्तीसगढ़ के भी सांसद विधायक साथ देने के लिए आश्वासन दिए है साथ ही रेल मंत्री को आवेदन ज्ञापन भी कई बार प्रस्तुत कर चुके है। मंडला जिले नगर की जो मुख्य मांग है। जिसमें मंडला फोर्ट में कोचिंग डिपो बने, पिट लाइन का निर्माण हो, पेंचवेली ट्रेन जल्द शुरुवात हो साथ ही नवीन रेलमार्ग का निर्माण का आदेश जल्द आदेश हो जिसमें बिलासपुर, पंडरिया, मंडला, जबलपुर एवं गौरेला पेंड्रा अमरकंटक डिंडोरी मंडला घंसौर गोटेगांव जिसका पूर्व में सर्वे हो चुका है। इन सभी मांगो को जल्द मूर्त रूप दिया जाए। बैठक में सभी की सहमती से सांसद से दूरभाष में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप मिश्रा से बात हुई सांसद ने आश्वासन दिया कि 15 मार्च को रेल्वे संघर्ष समिति के सदस्यों से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा करेंगे रेल्वे संबंधी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खैरी जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

**-:निविदा सूचना:-**

ग्राम पंचायत खैरी में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में दिनांक 16/03/2026 को समय 3 बजे दिन सोमवार को निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच | उपसरपंच | सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत खैरी, जन. पंचा. नारायणगंज, जिला मण्डला**

**//बाजार नीलामी सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत खैरी की साप्ताहिक बाजार की नीलामी वर्ष 2026-27 के लिये दिनांक 16/03/2026 को समय 3 बजे दिन सोमवार को की जायेगी जिसकी शासकीय बोली 165500/- (अंकन एक लाख पैसठ हजार पांच सौ रूपये) है अमानत राशि 25000/- बोली के आधे घंटे पूर्व जमा करना अनिवार्य है अंतिम बोली ग्राम पंचायत खैरी के प्रस्ताव अनुसार सर्वमान्य होगी।

सरपंच श्रीमति शांति बाई परस्ते | उपसरपंच दीपक सोनी | सचिव अनिल शर्मा

## खबर संक्षेप

### सर्वेयर पदाधिकारियों का मंथन संगठन मजबूती पर जोर

शहपुरा। बुधवार को सर्वेयरों के जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित खजराना होटल में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के कई जिलों से आए सर्वेयर पदाधिकारी और संगठन से जुड़े सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपेंद्र सिंह बघेल उपस्थित रहे जो पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हैं। बैठक में सर्वेयर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र गोस्वामी सहित उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष और तहसील अध्यक्ष भी मौजूद रहे। डिंडोरी जिले की टीम ने भी बैठक में भाग लिया।बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति सर्वेयरों की समस्याओं और आने वाले समय की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से सर्वेयरों के मानदेय नियुक्ति प्रमाण पत्र जारी करने और अन्य लंबित मांगों के मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए। पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से तय किया कि इन मांगों को शासन स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन की रणनीति भी तैयार की जाएगी। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने सदस्यता बढ़ाने और जिला स्तर पर नियमित बैठकों के आयोजन का निर्णय भी लिया गया।बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि सर्वेयरों के हितों की अनदेखी अब स्वीकार नहीं की जाएगी और जल्द ही शासन प्रशासन के सामने ठोस मांगें रखी जाएंगी।

### बीमा सुविधा के तहत परिवार को सौंपी गई एक करोड रूपये की वित्तीय सहायता

उमरिया। मध्य प्रदेश पुलिस के सैलरी पैकेज के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली बीमा सुविधा के तहत स्वर्गीय ओमप्रकाश भवेडी के परिवार को 1 करोड़ रूपये कि वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय भगवानी द्वारा स्वर्गीय ओमप्रकाश भवेडी की पत्नी श्रीमती निर्मिला भवेडी को 1 करोड़ का चेक प्रदान किया गया। यह राशि मध्य प्रदेश पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत उपलब्ध बीमा कवर के माध्यम से उनके परिवार को प्रदान की गई है। योजना के अंतर्गत सामान्य बीमा की राशि 10 लाख रु. पूर्व मे ही नॉमिनी के खाते मे जमा हो चुकी है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि यह योजना पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सहायता से स्वर्गीय कर्मचारी के परिवार को कठिन समय में आर्थिक संबल प्राप्त होगा। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक से मुख्य प्रबन्धक निशांत बाजपेयी एवं मार्केट एरिया शाखा से मनीष शुक्ला उपस्थित रहे.।

### विद्युत प्रकरणों के निराकरण में दी जाएगी छूट

उमरिया। न्यायाधीश,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा । आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों के निराकरण मे छूट प्रदान की जाएगी । उन्होने बताया कि प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रविधि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

### कोठी ग्राम पंचायत भवन में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न

कोतमा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठी में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कान्हा जनकल्याण समिति नगाराबांध के द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद कोतमा विकासखंड समन्वयक सरिमन साकेत, नवांकुर अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव, नवांकुर संस्था जी एस हितकारिणी गोविंदा सचिव ओमकार सिंह, परामर्शदाता प्रिंस कुमार पाण्डेय व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में प्रस्फुटन समितियों को दस्तावेजीकरण, ग्राम विकास, जनभागीदारी, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, ऊर्जा संरक्षण, नशा मुक्ति, जैविक कृषि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई।

#### सर्वर समस्या और अव्यवस्थित वितरण से लोग परेशान

# शहपुरा में गैस सिलेंडर संकट गहराया

## घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली लौट रहे उपभोक्ता





शहपुरा

डिण्डौरी जिले के शहपुरा नगर में इन दिनों एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिल रही हैंए जहां लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए घंटों खड़े रहने को मजबूर हैं। स्थिति यह है कि कई उपभोक्ता पूरे दिन इंतजार करने के बाद भी बिना सिलेंडर लिए ही वापस लौट रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि समय पर बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। उपभोक्ताओं के मुताबिक गैस वितरण व्यवस्था सर्वर की तकनीकी समस्या के कारण प्रभावित हो रही हैए जिससे एजेंसियों में सिलेंडर वितरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। इस अव्यवस्था के चलते उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गैस एजेंसियों के बाहर महिलाओं और बुजुर्गों की भारी भीड़ देखी जा रही है जिन्हें घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि घरेलू कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं और वैकल्पिक इंतजाम करना भी उनके लिए आसान नहीं है। खासकर दैनिक मजदूरी करने वाले परिवारों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैए क्योंकि गैस लेने के लिए पूरा दिन एजेंसी के बाहर बिताना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि सर्वर समस्या का जल्द समाधान कराया जाए और गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जाए ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक ठोस समाधान सामने नहीं आने से लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

# शहपुरा में 13 करोड़ 25 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात



शहपुरा । क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 13 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक जनपद पंचायत भवन और 50 बिस्तर वाले अस्पताल की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।जानकारी के अनुसार लगभग 5 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाला नया जनपद पंचायत भवन प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुव्यवस्थित और सुगम बनाने में सहायक होगा। वहीं लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला 50 बिस्तर का अस्पताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा। अस्पताल के निर्माण से आसपास के गांवों के लोगों को उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इन दोनों निर्माण कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य और प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता और जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहु सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।इसके अलावा जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरुण अग्रवाल तथा राजकुमारी रजक अनूप गुप्ता घनश्याम कच्छवाह हरिहरण रजक संतोष झरिया अरविंद रजक और दुर्गेश साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरपंच संघ सचिव संघ तथा स्थानीय नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी रही।



# दुलहरी तालाब में डूबने से 13 वर्षीय बालिका की मौत गांव में पसरा मातम

शहपुरा . डिंडोरी जिले के विकास खंड मेंहदवनी अंतर्गत ग्राम दुलहरी में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। मेहंदवानी मुख्यालय से लगभग तीन से चार किलोमीटर दूर स्थित दुलहरी तालाब में डूबने से 13 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना दोपहर लगभग 3 बजे की बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार बालिका को मिर्गी की बीमारी थी। आशंका जताई जा रही है कि तालाब के पास जाने के दौरान उसे दौरा पड़ा और वह पानी में गिर गईए जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही पूरे ग्राम दुलहरी में शोक और सन्नाटा छा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गईए लेकिन तालाब में उतरने के पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण तत्काल खोजबीन संभव नहीं हो सकी।स्थिति को देखते हुए डिंडोरी से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया जिनके द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद मृतक बालिका की के शव को बाहर निकाला गया। फिलहाल पुलिस मामले की वास्तविक जांच में जुटी हुई है।

#### एचपीवी वैक्सीनेशन में प्रगति तेज करने के निर्देशए जिले में शत.प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य

# कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने ली एचपीवी वैक्सीनेशन की समीक्षा बैठक



डिंडौरी । कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एचपीवी ;एचपीवीद्ध वैक्सीनेशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने जिले में एचपीवी टीकाकरण की प्रगति को और तेज करने के निर्देश देते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उक्त बैठक में एसडीएम सुश्री भारती मेरावी डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैनए सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग राजेंद्र कुमार जाटवए डॉण रमेश मरावीए डॉण राजकुमार डोंगरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने जिला टीकाकरण अधिकारी ;डीआईओद्धए सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभागए विकासखंड शिक्षा अधिकारी ;बीएमओद्ध बीआरसी तथा बीएमओ को निर्देशित किया कि जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन का शत.प्रतिशत लक्ष्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों एवं समुदाय स्तर पर विशेष अभियान चलाकर पात्र बालिकाओं का टीकाकरण कराया जाएए ताकि कोई भी पात्र बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति के मामले में डिंडौरी जिला पूरे प्रदेश में टॉप.5 जिलों में शामिल है। कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर संबंधित विभागों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि इसी गति से कार्य करते हुए जिले को जल्द ही शत.प्रतिशत टीकाकरण की श्रेणी में लाया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि एचपीवी ;ह्यूमन पैपिलोमा वायरसद्ध वैक्सीन बालिकाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के लिए लगाया जाता है। यह टीका स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित आयु वर्ग की बालिकाओं को लगाया जा रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभिभावकों और समुदाय को भी इसके महत्व के बारे में जागरूक किया जाएए जिससे टीकाकरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाएं और शत.प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें।

# बजाग में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक समय सीमा और गुणवत्ता के साथ काम करने के निर्देश

डिंडौरी । जिले के बजाग में विकास कार्यों की प्रगति को लेकर विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने विभिन्न विभागों की योजनाओं और निर्माण कार्यों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक के दौरान कलेक्टर ने ई केवायसी समग्र आईडी आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड दिव्यांग प्रमाण पत्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जनमन आवास योजना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर विशेष जोर दिया।बैठक में कलेक्टर ने बताया कि 19 मार्च 2026 से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की जाएगी। अभियान को



प्रभावी बनाने के लिए सहायक यंत्री उपयंत्री और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए।बैठक में एसडीएम रामबाबू देवांगन जिला पंचायत अध्यक्ष रदेश परस्ते जनपद पंचायत अध्यक्ष फूलकली मरावी उपाध्यक्ष राधेश्याम कुशराम सहायक यंत्री वीर सिंह तिलगाम और एपीओ राममिलन रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।समीक्षा बैठक में जनजातीय कार्य विभाग शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग एनआरएलएम पशु चिकित्सा विभाग कृषि विभाग ग्रामीण विकास विभाग पीएचई विभाग आरईएस तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी शामिल हुए। बैठक के अंत में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए शासन की योजनाओं का लाभ समय पर आम नागरिकों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# अज्ञात कारणों से घर में लगी भीषण आग



मेहंदवानी . डिंडोरी जिले के मेहंदवानी जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतपुरी में एक ग्रामीण के घर में अचानक अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि घर में रखा लगभग सारा सामान जलकर खाक हो गयाए वहीं घर में मौजूद भैंस का एक बछड़ा भी आग की चपेट में आकर जल गया। बताया जा रहा है कि घटना के समय घर के सभी सदस्य अपने खेतों में काम करने गए हुए थेए जबकि कुछ सदस्य बाजार सामान लेने गए थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने घर से धुआं निकलता देखा और तत्काल घरवालों को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद जब तक परिजन मौके पर पहुंचे तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया था। ग्रामीणों और परिजनों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास कियाए साथ ही पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा अनाज कपड़े बर्तन फर्नीचर सहित लगभग पूरा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित ग्रामीण ने बताया कि अब उनके पास रहने के लिए घरए पहनने के लिए कपड़े और खाने के लिए राशन तक नहीं बचा है।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# समनापुर में समर्पण सेवा अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर



डिंडौरी ।

जिले के समनापुर में समर्पण सेवा अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रमाण पत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और महिला एवं बाल विकास विभाग के उपसंचालक श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत परिसर में किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने पहुंचकर विभिन्न सेवाओं का लाभ लिया। कुल 187 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया जिसमें 55 दिव्यांगजनों के मेडिकल प्रमाण पत्र और 74 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड तैयार किए गए। इसके अलावा 7 नए पेंशन प्रकरण बनाए गए और 32 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया गया। गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं वाले 12 दिव्यांगजनों को उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया।शिविर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज जैन खंड पंचायत अधिकारी सुन्दर सिंह कंवर पंचायत समन्वयक अतर सिंह कुशराम चिकित्सक अजय राज सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ब्रजमोहन भारतीय सरमन सिंह तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से रुचि विनोदिया पूर्णिमा तिवारी और आनंद गोल्हनी सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।इसके अलावा अशोक झारिया रामप्रभा ठाकुर ममता मसराम और लवकुश दुर्वासा सहित जनपद पंचायत समनापुर का स्टाफ तथा ग्राम पंचायतों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की और उन्हें समर्पण सेवा अभियान तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी।

# सुविधायुक्त स्कूल भवन के बाद अब खेल मैदान की मांग




डिंडौरी । शाहपुर स्थित नवीन स्कूल भवन में अध्ययनरत कक्षा 12 की छात्राओं ने परीक्षा के बाद विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के हित में खेल मैदान की व्यवस्था की मांग उठाई है। छात्राओं की इस पहल को क्षेत्र में सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।छात्राओं का कहना है कि नए स्कूल भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर और सुविधायुक्त वातावरण मिला है जिससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार हुआ है। अब विद्यालय परिसर में खेल मैदान की व्यवस्था भी आवश्यक है ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद की गतिविधियों का भी अवसर मिल सके।उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। छात्राओं ने यह भी बताया कि उनकी परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं और वे आगे की पढ़ाई के लिए विद्यालय से आगे बढ़ जाएंगी लेकिन विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे विद्यार्थियों को खेल मैदान की सुविधा मिलना जरूरी है।छात्राओं की इस पहल की अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भी सराहना की है। क्षेत्र के लोगों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यालय परिसर में जल्द खेल मैदान विकसित किया जाए ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक और खेल वातावरण मिल सके।

# अवैध पशु परिवहन पर अमरपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही



अमरपुर। पुलिस चौकी अमरपुर को अवैध पशु परिवहन की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी अतुल हरदहा के निर्देशन में गुरुवार की रात्रि गस्त में तैनात प्रधान आरक्षक 241 राघवेंद्र सिंहए आरक्षक 190 देवेंद्र सैयाम आयशर ट्रक क्रमांक एमण पीण 20 जीण बीण 1636 को रोकना चाहा गया। परंतु ट्रक न रुकने पर 112 वाहन चालक आरक्षक 170 भाव सिंह धुर्वे के साथ पीछा करते हुए अमरपुर घुघरी मार्ग के वनग्राम जैतपुरी में घेराबंदी कर वाहन रोका गया। परंतु वाहन चालक जंगल एवं अंधेरे का फायदा उठाते हुए वाहन छोड़कर फरार हो गया। जब पुलिस द्वारा वाहन में देखा गया। जिसमें 13 नग भैंस क्रूरता पूर्वक भरे गए थे। जिन्हें चौकी परिसर में उतारकर रखा गया हैं। पुलिस द्वारा अवैध पशु परिवहन एवं पशु क्रूरता पर कार्रवाई करते हुए वाहन चालक की तलाश की जा रही हैं। पशुओं की सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्दे को कांजी हाउस में रखने पत्र लिखा गया हैं।

## खबर संक्षेप



### पांचवीं व आठवीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के छः विकासखंडों में बनाए गए पांच मूल्यांकन केंद्र में कक्षा पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया 5 मार्च से प्रारंभ हुई हैं, जहां निर्धारित शिक्षकों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का विधिवत मूल्यांकन कार्य 14 मार्च से एक दिन पूर्व शत प्रतिशत पूरा किया गया। जिला स्तरीय मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में कक्षा पांचवीं आठवीं वार्षिक मूल्यांकन कार्य को प्रत्येक केंद्र पर केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, मुख्य परीक्षक तथा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को मूल्यांकनकर्ता के रूप में नियुक्त विषयवार शिक्षकों द्वारा व्यवस्थित और पारदर्शीता के साथ निर्धारित तिथि के पूर्व ही सम्पन्न किया गया। जिले के 202 परीक्षा केंद्रों की कक्षा पांचवीं की उत्तरपुस्तिकाओं एवं कक्षा आठवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष सहायक केंद्राध्यक्ष, मुख्य परीक्षक की निगरानी में विषय शिक्षकों द्वारा किया गया। मूल्यांकन उपरांत प्राप्तांको को पोर्टल पर दर्ज का कार्य पूर्ण किया गया।

### निशुल्क परामर्श शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर के वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा हड्डी व जोड़ रोग के लिए निशुल्क परामर्श शिविर 14 मार्च को दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक डॉ. चांदोरकर राधाकृष्ण नर्सिंग होम नरसिंहपुर एवं करेली में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आशीष हॉस्पिटल करेली में आयोजित किया गया है। शिविर में डिस्कांट की राशि आई.सी. शाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भुगतान की जाएगी। शिविर में विश्व प्रसिद्ध जॉइं रेप्लेसमेन्ट सर्जन डॉ. विक्रम शाह की टीम के विशेषज्ञ डॉ. विकास सावला ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, नी एंड हिप रिप्लेसमेंट सर्जन अहमदाबाद के पूर्व विशेषज्ञ द्वारा शिविर में जांच, परामर्श एवं इलाज किया जाएगा।

### काव्य फुहार कार्यक्रम का आयोजन 15 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय गोकुल नगर स्थित शिव धाम मंदिर में प्रतिवर्षानुसार वरिष्ठ साहित्यकार प्राध्यापक डॉ गनेश कुमार सोनी के संयोजन में रविवार 15 मार्च को काव्य फुहार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जय जय शिव शंकर से शिव धाम हरषे , प्रेम रंग बरसे थीम पर नगर के समस्त कवि, साहित्यकारों की मौजूदगी में सायं 7:30 बजे से शिव बाबा के समक्ष साहित्यिक प्रस्तुतियाँ होगी। नरसिंह साहित्य परिषद द्वारा सभी साहित्य प्रेमियों से समय पर उपस्थित होने के साथ काव्य रसों का आनंद लेने का आग्रह किया है।

### म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव म.प्र. शासन भोपाल के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से 6 सूत्रीय ज्ञापन जिला शाखा नरसिंहपुर द्वारा सौपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से दीर्घकालिन सेवा दे रहे शिक्षकों की पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय पर राज्य शासन द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर कर सहानुभूति पूर्वक शिक्षकों के हितों की रक्षा करने हेतु सैकडों कर्मचारी शिक्षकों द्वारा ज्ञापन सौपा गया। जिसमें संघ के जिला संरक्षक गजेन्द्र नायक, पूर्व अध्यक्ष संजय लमानिया, जिलाध्यक्ष भीकमसिंह कौरव, सचिव दिनेश परतेती, नरेश मेहरा, मुकेश दुबे, जगतसिंह ठाकुर सहित सैकडों शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## 15 करोड़ रूपए का हुआ लेनदेन

# पुलिस ने किया सायबर ठगी के मामले का खुलासा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित कर सायबर ठगी के मामलों का खुलासा किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि जिले में आए दिन सायबर ठगी के मामलों की शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिन पर लगाम लगाने के लिए टीम गठित की गई। जिसमें जांच पड़ताल के दौरान लगभब 180 बैंक खातों को सीज किया गया तथा 35 बैंक खातों को बंद बराया गया। विवेचना के दौरान जिला अंतर्गत 180 खातों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई। बैंक खातों के माध्यम से लगभग 15 करोड़ रुपये के लेन-देन का खुलासा हुआ। पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के दौरान अभी तक 17 व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया। पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान अभी तक 9 पासबुक, 4 एटीएम एवं 9 मोबाईल जप्त किए गए है। विगत एक वर्ष में साईबर फ्राड के प्रकरणों में 45 लाख रूपये पर होल्ड लगबाया गया एवं 53 लाख रूपये खाता धारकों को लौटाए गए।

### प्रलोभन देकर खरीदते थे बैंक खाते

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा आमजन को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर एवं बहला-फुसलाकर उनके बैंक खातों, पासबुक एवं एटीएम कार्ड की जानकारी



प्राप्त की जा रही है। संबंधित व्यक्तियों द्वारा भोले-भाले लोगों को आर्थिक लाभ का लालच देकर उनके खातों के माध्यम से प्रदेश के बाहर से संचालित ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म, साईबर फ्राड, सेक्सटॉर्शन के लिए बड़ी मात्रा में पैसों का अवैध लेन-देन किया जा रहा है साथ ही उनके बैंक खातों का उपयोग अपने अवैध कार्यों के लिए किया जा रहा है। शिकायतों को लिया गंभीरता से, जांच हेतु गठित की गई विशेष टीम उक्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा प्रकरण की गहन जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान टीम द्वारा तकनीकी माध्यमों का उपयोग करते हुए संदिग्ध बैंक खातों, मोबाइल नंबरों एवं ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जानकारी एकत्रित की गई।

### 15 करोड़ रूपए का हुआ लेनदेन

पुलिस अधीक्षक के ने बताया कि जांच मे लिए गए 180 बैंक खातों से 15 करोड रूपयों के अवैध लेन-देन का खुलासा हुआ। जांच के दौरान अभी तक यह भी सामने आया कि इन खातों के माध्यम से जिला, प्रदेश एवं प्रदेश के



बाहर से संचालित ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म, साईबर फ्राड, सेक्सटॉर्शन के जरिए लगभग 15 करोड़ रूपयों का अवैध लेन-देन किया गया है, जिससे साइबर ठगी से प्राप्त राशि को अलग-अलग खातों में स्थानांतरित कर छिपाने का प्रयास किया जाता था। प्रकरणों में अभी विवेचना जारी है। इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों की जानकारी एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर पूरे नेटवर्क की कड़ी को जोड़ते हुए जांच की गई, जिसमें कुल 180 म्यूल अकाउंट्स के माध्यम से लगभग 15 करोड़ रुपये के लेन-देन का खुलासा हुआ है। आरोपी आमजन को छोटे-मोटे आर्थिक लाभ का लालच देकर उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड एवं पासबुक प्राप्त कर उक्त खातों का उपयोग म्यूल अकाउंट के रूप में करते थे एवं साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म में जमा कर आरोपी उक्त राशि को अन्य खातों में ट्रांसफर कर या नकद निकालकर उपयोग कर लेते हैं।

### ये रहे आरोपी

पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के दौरान 17 व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया जिसमे थाना स्टेशनगंज प्रिंस जैन निवासी राधा वल्लभ वार्ड थाना करेली, राजेन्द्र यादव निवासी मुराछ, थाना ठेमी, राजा पटेल निवासी मुराछ, थाना ठेमी, शिवम पटेल निवासी मुराछ थाना ठेमी, सूरज लोधी निवासी सागौनी, कला, थाना कोतवाली। थाना गाडरवाडा रू अजय ओझा निवासी, चीचली, आनंद कहार निवासी निवासी, चीचली, वैभव कौरव निवासी एमपी ईबी कालोनी गाडरवाड़ा। थाना करेली दशरथ उर्फ दस्सु लोधी निवासी रातीकरार, थाना करेली, राघवेन्द्र लोधी निवासी बाबली, थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर। सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 318 (4), 3 (5) बीएनएस के तहत प्रकारण पंजीवद्ध किया गया है। कार्यवाही के दौरान रंजीत मेहरा निवासी बम्होरी, थाना सांईखेडा, धनश्याम साहू निवासी चारगांव खुर्द, थाना चीचली, गोविन्द ओझा निवासी लिंगा जैतपुर, थाना स्टेशनगंज, आकाश बैरागी निवासी लोकीपार, थाना स्टेशनगंज, याशवंत प्रजापति, निवासी पलोहा, सूरज वर्मा निवासी सालीचौका एवं सतीश जाटव निवासी सीहोरा के विरूद्ध सख्त प्रतिबंधात्क कार्यवाही भी की गयी है।

## क्रिकेट चैंपियनशिप सिंदूर कप का आयोजन आज से




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव के सयुंक्त तत्वाधान में नरसिंहपुर में पहली बार विवाहित महिलाओं के लिए विशेष दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट सिंदूर कप सीजन 1 (नाइट टूर्नामेंट) का आयोजन 14 एवं 15 मार्च को स्टेडियम ग्राउंड में शाम 5 बजे किया जा रहा है। यह अनूठा आयोजन नारी सशक्तिकरण और समाज में बदलती सकारात्मक सोच का प्रतीक है। इस प्रतियोगिता में विवाहित महिलाएँ क्रिकेट के मैदान में उतरकर अपने खेल कौशल, आत्मविश्वास और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और समाज में उनके साहस एवं आत्मविश्वास को नई पहचान देना है। आयोजकों ने बताया कि सिंदूर कप केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि नारी शक्ति के सम्मान और उनके सशक्तिकरण का उत्सव है। आयोजन समिति जिला महिला क्रिकेट टीम ने खेल प्रेमियों और नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनें और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।



## रिसर्च मेथडोलॉजी पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर में आज रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के मार्गदर्शन में एवं डॉ. अधिकेश राय, शोध केंद्र निदेशक, के निर्देशन में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को शोध कार्य की मूलभूत समझ प्रदान करना था, जिससे वे अपने शोध कार्य को बेहतर तरीके से कर सके। कार्यशाला में डॉ. शिवानी शिवहरे ने मुख्य वक्ता के रूप में शोध पद्धति के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शोध का अर्थ, महत्व, विशेषताएँ तथा विभिन्न प्रकारों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। साथ ही उन्होंने शोध प्रक्रिया के चरणों जैसे शोध समस्या का चयन, उद्देश्य निर्धारण, साहित्य समीक्षा, सैंपलिंग, डेटा संग्रहण, डेटा विश्लेषण तथा शोध रिपोर्ट लेखन के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध कार्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किकता तथा सत्यता के महत्व से भी अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. अधिकेश राय ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए शोध कार्य में धैर्य, अनुशासन और निरंतर अध्ययन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के आयोजन में डॉ. सतीश दुबे, मनीष अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

## एलएनसीटी कॉलेज जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन; 'आद्या विमेंस सेल' ने किया नारी शक्ति का सम्मान



लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (LNCT) एवं एलएनसीटी कॉलेज ऑफ आर्ट्स कॉमर्स एंड साइंस जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज नारी शिक्षा स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता थीम पर 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के 'आद्या विमेंस सेल' (Aadya Women's Cell) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाना और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ .साधना श्रीवास्तव जी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस वर्ष महिला दिवस की वैश्विक थीम के अनुरूप, वक्ताओं ने समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की समान भागीदारी और उनके अधिकारों पर बल दिया।

**कार्यक्रम की प्रमुख झलकियां:**

प्रेरक व्याख्यानः मुख्य वक्ता के रूप डॉ साधना श्रीवास्तव जी ने छात्राओं को करियर, स्वावलंबन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमः** छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए, जिसने दर्शकों को आत्मविभोर कर दिया।

सम्मान समारोहः 'आद्या विमेंस सेल' की ओर से कॉलेज की महिला शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को उनकी निष्ठा और अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

**विभिन्न प्रतियोगिताएंः** म्यूजिकल चेयर छात्राओं के लिए कविता पाठ ,क्विज,जैसी प्रतियोगिताएं,आयोजित की गईं, जिसमें 'नारी शक्ति' के विभिन्न आयामों को दर्शाया गया।

इस अवसर पर एलएनसीटी कॉलेज के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा, ₹एक शिक्षित और सशक्त महिला न केवल एक परिवार बल्कि पूरे राष्ट्र का निर्माण करती है। आद्या विमेंस सेल के माध्यम से हमारा प्रयास है कि हम छात्राओं को एक सुरक्षित और सहायक वातावरण प्रदान करें ताकि वे हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा सकें।₹कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पारुल परोहा एवं कार्यक्रम के अंत में मोनाली तिवारी ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त महिला प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं समस्त महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विकलांग युवती से दुष्कर्म के आरोपी को 15 वर्ष का कठोर कारावास



**गोटेगांव।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती ज्योति मिश्रा के न्यायालय ने विकलांग युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपी सचिन झारिया को 15 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।न्यायालय ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 62(2)(के) के तहत 15 वर्ष का कारावास और 1000 रुपये अर्थदंड, तथा धारा 332 के अंतर्गत 5 वर्ष का कारावास और 1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार 26 मई 2025 को जब पीड़िता घर में अकेली थी, तभी आरोपी पीछे के दरवाजे से घर में घुसा और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के दौरान जब परिजन पहुंचे तो आरोपी पीड़िता की मां को धक्का देकर फरार हो गया।मामले की रिपोर्ट गोटेगांव थाने में दर्ज कराई गई थी। अतिरिक्त लोक अभियोजक श्रीमती सरिता नामदेव ने 16 गवाहों और डीएनए रिपोर्ट सहित वैज्ञानिक साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

## हरिभूमि की खबर का असर

# श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों पर कार्रवाई



**गोटेगांव।** क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों की बढ़ती संख्या और यात्रियों के स्वास्थ्य पर मंडराते खतरे को लेकर हरिभूमि अखबार में प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला है। खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे प्रशासन सक्रिय हुआ और रेलवे कमिश्नर मुनव्वर खान के निर्देश पर एक टीम को श्रीधाम रेलवे स्टेशन भेजा गया।

रेलवे की टीम ने स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर निरीक्षण करते हुए बिना अनुमति खाद्य सामग्री बेच रहे अवैध वेंडरों पर कार्रवाई की। इस दौरान कई वेंडरों से पूछताछ की गई और जिनके पास रेलवे द्वारा जारी अधिकृत पहचान पत्र या स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं मिला, उन्हें स्टेशन परिसर से हटाया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में घूम-घूमकर चाय, नाश्ता और अन्य खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों की भी जांच की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रेलवे नियमों के अनुसार स्टेशन और ट्रेनों में खाद्य सामग्री बेचने के लिए रेलवे का अधिकृत वेंडर कार्ड और स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। बिना अनुमति खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने रेलवे प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि स्टेशन परिसर में अवैध वेंडरों पर रोक लगने से यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य सामग्री मिल सकेगी।

# ऋषभदेव का हुआ महामस्ताकाभिषेक

### 48 दीप जलाकर भक्तांबर का हुआ पाठ

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस इस युग में सनातन जैन श्रमण संस्कृति के प्रवर्तक प्रथम तीर्थंकर आदि ब्रम्हा युगस्त्रस्टा भगवान ऋषभ देव के जन्म कल्याणक एवं तप कल्याण के पावन अवसर पर दिगम्बर जैन मंदिर में प्रात काल प्रभात फेरी निकाली गई। तथा प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में स्थित मानस्तंभ में विराजमान भगवान ऋषभदेव की प्रतिमाओं का महामस्तका भिषेक किया गया।जिसमें समाज के सभी श्रावक श्रेष्ठियों ने भाग लेकर सातिशय पुण्य का संचय किया। रात्रि में 48 दीप प्रज्वलित करते हुए भक्तामर पाठ किया। इस अवसर पर विधानाचार्य स्थानीय विद्वान पंडित कमल कुमार शास्त्री ने बताया कि सनातन जैन श्रमण संस्कृति का इतिहास 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर से प्रारंभ नहीं होता है।अपितु उनसे लाखों वर्ष पूर्व अयोध्या में जन्मे 14 वें मनु राजा नाभिराय एवं माता मरुदेवी के पुत्र भगवान ऋषभदेव से प्रारंभ होता है ।जिन्होंने युग के आदि में जन-जन को असि देश धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिये तलवार चलाना मसि लेखा जोखा रखना मुनीमी करना चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं बैंक कैशियर से संबंधित विद्या कृषि अहिंसक खेती करना पशु पालन करना शिल्प चित्रकारी स्वर्णकारी कुंभकार मूर्ति मकान मंदिर नक्से आदि बनाना विद्या बहत्तर कलाओं का ज्ञान वर्तमान में आई ए एस, प्रोफेसर इंजीनियर डाक्टर वकील आदि से संबंधित विद्या वाणिज्य सात्विक और अहिंसक व्यापार उद्योग आदि करना की शिक्षा देकर कर्मभूमि का शुभारंभ किया। भगवान ऋषभदेव के पुत्र भरत चक्रवर्ती के नाम पर इस देश का नाम भारत बर्ष पडा है । सच्चे अर्थों में नारी शिक्षा के उद्घोषक एवं आद्यगुरु भगवान ऋषभदेव ही थे क्योंकि उन्होंने ने अपनी पुत्री ब्राम्ही को अक्षर विद्या सिखाई जो आज ब्राम्ही लिपि के रुप में है। द्वितीय पुत्री सुंदरी को अंक विद्या सिखाई जो आज हमें गणित के रुप में प्राप्त है। अपने भरत आदि सभी पुत्रों को भी उन्होंने अलग अलग विद्याओं में पारंगत बनाया जो आज भारतीय विद्याओं का आदि स्त्रोत है।वैदिक संस्कृति में भी भगवान ऋषभदेव को पूज्यनीय मानते हुये वैदिक साहित्य में उनकी महिमा का बखान किया गया है। वैदिक परंपरा का सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद की 141 ऋचाओं में भगवान ऋषभदेव का स्तवन किया गया है। यजुर्वेद में भी ओं नमो ऽर्हंतो ऋषभो कहते उनका स्तवन किया गया है। भागवत महापुराण के पांचवे स्कंध के 2 से लेकर 6 वें अध्याय में भगवान ऋषभदेव का विशद वर्णन किया गया है । जिसमें ऋषभदेव के पुत्र चक्रवर्ती भरत के नाम पर ही हमारे देश का नाम भारत बर्ष पडा है। ऋषभदेव ने लम्बे समय तक अयोध्या के राजा के रुप में शासन करके सुसंस्कृत मानव समाज की स्थापना की एवं राज्य से विरक्त होकर अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राज्य देकर अपने पुत्र बाहुबली को पोदनपुर का राज्य देकर दिगंबर मुनि बनकर एक हजार बर्ष तक कठोर तपस्या की एवं केलज्ञान को प्राप्त हुये।समवशरण में धर्मसभा में सभी जीवों के लिये इस युग के आदि में सबसे पहले धर्म का मार्ग संसार से मुक्त होने का मार्ग बताकर धर्मतीर्थ का प्रवर्तन किया तथा प्रथम तीर्थंकर कहलाये।बाद में कैलाश पर्वत अष्टापद से निर्वाण को प्राप्त किया। इस प्रकार आदि ब्रम्हा भगवान आदिनाथ ऋषभदेव सच्चे अर्थों हमारे आद्य आराध्य और युग प्रवर्तक हैं। जिनके उपकारों को यह संसार कभी भुला नहीं सकता है।